Topic : सुखदेव थापर

Date :

Class :

सुखदेव थापर

- सुखदेव थापर का जन्म 15 मई 1907 को लुधियाना (पंजाब) में हुआ।

- पिता - रामलाल
  माता - रल्ली देवी

- सुखदेव थापर हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के सदस्य थे और उन्होंने पंजाब व उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों में क्रांतिकारी समूहों को संगठित किया।

- सुखदेव ने लाहौर नेशनल कॉलेज में युवाओं को शिक्षित करने के लिए गए और वहाँ उन्हें भारत के गौरवशाली अतीत के बारे अत्यन्त प्रेरणा मिली।

- सुखदेव, भगत सिंह, कॉमरेड रामचन्द्र एवं भगवती चरण बोहरा ने 'नौजवान भारत सभा' का गठन किया।

- सांडर्स द्वारा लाठीचार्ज किये जाने से लाला लाजपत राय की हत्या के अपमान का बदला लेने के लिए 17 दिसंबर 1928 को भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद व राजगुरु ने सांडर्स की हत्या कर दी। इतिहास में इसे 'लाहौर षडयंत्र' के नाम से जाना जाता है।

कलाम ACADEMY

Topic :

Date :

Class :

- सुखदेव ने कई क्रांतिकारी गतिविधियों जैसे - 1929 में जेल मे रहते 'भूख हड़ताल' में सक्रिय भूमिका निभाई।

- गांधी-इरविन समझौते के संदर्भ में इन्होने एक खत गांधीजी के नाम पर लिखा था जिनमें इन्होने महात्मा गांधीजी से गंभीर प्रश्न किए थे।

- 8 अप्रैल 1929 को (नई दिल्ली) सेंट्रल असेम्बली पर बम फेंकने के जुर्म मे सुखदेव और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

- 23 मार्च 1931 को भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव को लाहौर जेल में फाँसी दे दी गई।

- 23 मार्च को उनकी शहादत के सम्मान में 'शहीद दिवस' मनाया जाता है।

- फाँसी के समय सुखदेव की आयु 24 वर्ष थी।

- सुखदेव थापर ने जेल मे बंद कैदियों को राजनैतिक कैदी का दर्जा दिलाने के लिए संघर्ष किया।

ACADEMY